कार्रवाई | एसआईटी का शिकंजा कसता जा रहा

# बड़े मिलर्स और एथेनॉल प्लांट रडार पर

**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट के बहुचर्चित सरकारी चावल हेराफेरी प्रकरण में विशेष जांच दल (SIT) की कार्रवाई लगातार तेज होती जा रही है। मामले में पहले संचेती राइस मिल के संचालक सौरभ संचेती के खिलाफ कार्रवाई के बाद अब गंभीर संचेती को भी आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

सूत्रों के अनुसार एसआईटी की जांच का दायरा लगातार बढ़ रहा है। अब एथेनॉल प्लांट के मालिक, मैनेजर, प्रतिनिधियों के साथ-साथ बालाघाट, सिवनी और छिंदवाड़ा के कई राइस मिलर्स भी जांच के दायरे में आ चुके हैं। जांच एजेंसियां दस्तावेजों, परिवहन रिकॉर्ड और अन्य साक्ष्यों का मिलान कर रही हैं। सूत्रों का दावा है कि आने वाले दिनों में इस मामले में और बड़ी कार्रवाई हो सकती है।

पुलिस रिमांड पर चल रहे एथेनॉल प्लांट के प्रतिनिधि और सुपरवाइजर से पूछताछ में कई महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आने की बात कही जा रही है। सूत्रों के मुताबिक इन जानकारियों के आधार पर जांच अब केवल मिलर्स तक सीमित नहीं रही, बल्कि कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों की भूमिका भी जांच के दायरे में आ गई है। एसआईटी अब सरकारी चावल के आवंटन से लेकर परिवहन, भंडारण और अंतिम उपयोग तक की पूरी श्रृंखला की जांच कर रही है। परिवहन रिकॉर्ड, संबंधित दस्तावेज, जीपीएस डेटा और अन्य तकनीकी साक्ष्यों का परीक्षण किया जा रहा है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि सरकारी चावल की हेराफेरी किस स्तर पर और किन लोगों की मिलीभगत से हुई।

### बढ़ सकती है आरोपियों की संख्या

जांच से जुड़े सूत्रों का कहना है कि जैसे-जैसे नए साक्ष्य सामने आ रहे हैं, आरोपियों की संख्या बढ़ सकती है। यदि पूछताछ और दस्तावेजी साक्ष्यों में अन्य लोगों की भूमिका की पुष्टि होती है, तो उनके विरुद्ध भी वैधानिक कार्रवाई की जा सकती है।

# बालाघाट में सारस गणना 2026 सम्पन्न

**जिले में 50 सारस पक्षियों की हुई गणना**

**नवभारत, बालाघाट।** पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण के लिए निरंतर कार्यरत 'सेवा '(Sustaining Environment and Wildlife Assemblage) संस्था ने दक्षिण एवं उत्तर वनमंडल बालाघाट, जिला पुरातत्व एवं संस्कृति परिषद तथा स्थानीय किसानों एवं सारस मित्रों के सहयोग से सारस गणना-2026 का सफल आयोजन किया। छह दिनों तक चले इस अभियान में जिले के 66 स्थानों पर वैज्ञानिक एवं पारंपरिक पद्धति से सारस पक्षियों की गणना की गई।

गणना के लिए 22 टीमों का गठन किया गया, जिन्होंने सुबह 4:45 बजे से 9:00 बजे तक सारसों के विश्राम स्थलों एवं प्राकृतिक आवासों पर पहुंचकर प्रत्यक्ष अवलोकन के माध्यम से गणना की। प्रत्येक टीम में सेवा संस्था के सदस्य एवं वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे। संस्था द्वारा वर्षभर सारसों के आवास, प्रजनन स्थलों एवं भ्रमण मार्गों का अध्ययन किया जाता है तथा ग्रामीणों और विद्यार्थियों को सारस संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाता है।

संस्था ने बताया कि बालाघाट और महाराष्ट्र के गोंदिया जिले के बीच बहने वाली वैनगंगा एवं बाघ नदी के कारण दोनों क्षेत्रों की जैव विविधता समान है। इसी वजह से कई सारस जोड़े दोनों राज्यों के बीच निर्बाध रूप से विचरण करते हैं, जो प्रकृति की एक अनूठी मिसाल है। गणना के आंकड़ों की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए 19 से 25 जून तक प्रतिदिन सुबह और शाम सभी प्रमुख सारस आवासों का निरीक्षण भी किया गया।

गणना के अनुसार बालाघाट जिले में 50 तथा गोंदिया जिले में 32 सारस पक्षियों की उपस्थिति दर्ज की गई। पिछले वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें तो वर्ष 2025 में 48 सारस दर्ज किए गए थे, जबकि इस वर्ष यह संख्या बढ़कर 50 हो गई है, जो संरक्षण प्रयासों की सकारात्मक उपलब्धि मानी जा रही है। वहीं पिछले चार वर्षों में सारस के घोंसलों की संख्या लगभग स्थिर बनी हुई है।

इस अभियान को सफल बनाने में मुख्य वन संरक्षक, दक्षिण एवं उत्तर वनमंडल के अधिकारियों, सेवा संस्था के पदाधिकारियों, जिला पुरातत्व एवं संस्कृति परिषद, वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों, स्थानीय किसानों, सारस मित्रों एवं स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सेवा संस्था ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी सारस संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन के लिए जनसहभागिता बढ़ाने का संकल्प दोहराया।

## 29 जून को लगेगा विशेष पशु स्वास्थ्य शिविर

**बालाघाट।** पशुपालन विभाग द्वारा संचालित क्षीरधारा ग्राम योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं पशुपालकों तक विभागीय योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से 27 जून 2026 को विकासखंड बालाघाट के ग्राम गोंगलई में उपसंचालक पशुपालन विभाग डॉ. अरुण नेमा ने क्षेत्रीय भ्रमण एवं निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों, किसानों एवं पशुपालकों से संवाद कर विभागीय योजनाओं की जानकारी दी तथा पशुपालन को अधिक लाभकारी बनाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। भ्रमण के दौरान डॉ. नेमा ने ग्राम पंचायत में सरपंच, सचिव एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर क्षीरधारा ग्राम योजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने पात्र पशुपालकों को योजनाओं से जोड़ने, दुग्ध उत्पादन बढ़ाने तथा पशुपालकों की आय में वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर सक्रिय सहयोग देने के निर्देश दिए। साथ ही विभागीय योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी जोर दिया।

# ग्राम प्रधान के साथ गाली-गलौज, मारपीट का प्रयास

**पुलिस से की शिकायत कार्रवाई की मांग**

**नवभारत, परसवाड़ा।** परसवाड़ा जनपद की ग्राम पंचायत सुकड़ी के ग्राम प्रधान अर्जुन उईके ने गांव के कुछ लोगों पर दबंगई दिखाते हुए गाली-गलौज करने, जान से मारने का प्रयास करने तथा लाठी-डंडों से हमला करने की कोशिश का आरोप लगाते हुए पुलिस थाना परसवाड़ा में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने आरोपियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत के अनुसार, 27 जून 2026 को दोपहर करीब 1:30 बजे ग्राम के शासकीय तालाब में कुछ लोगों द्वारा मछली पकड़े जाने की सूचना मिलने पर ग्राम प्रधान अर्जुन उईके मौके पर पहुंचे। उन्होंने मौजूद लोगों को समझाया कि 15 जून के बाद मत्स्याखेट (मछली पकड़ने) पर प्रतिबंध लागू है, इसलिए तालाब में मछली न पकड़ें।

आरोप है कि इस बात से नाराज होकर गांव के सुनील कोडापे, सुनील कंगाले, मुकेश कंगाले, विमल कंगाले, विनोद कंगाले एवं यशवंत कंगाले सहित अन्य लोगों ने ग्राम प्रधान के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। शिकायत में यह भी कहा गया है कि आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी-डंडे लेकर उनके पीछे दौड़कर मारपीट करने का प्रयास किया।

स्थिति बिगड़ने पर ग्राम प्रधान ने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें सुरक्षित अपने वाहन में बैठाकर वहां से निकाला। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि इस दौरान कुछ लोगों ने पुलिस के वाहन को रोकने का भी प्रयास किया।

घटना के समय मधु उईके, स्वरूप इनवाती, रविंद्र परते, दीपक इनवाती सहित अन्य ग्रामीण मौके पर मौजूद थे, जिन्होंने पूरे घटनाक्रम को देखा और सुना।

ग्राम प्रधान अर्जुन उईके ने अपनी शिकायत में कहा है कि उक्त लोगों से उन्हें और उनके परिवार को जान-माल का खतरा है। उन्होंने पुलिस से आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक प्रावधानों के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने शिकायत प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# कोचेवाही में सुपर सीडर से डीएसआर बोनी, आधुनिक तकनीक अपनाने को लेकर किसानों में बढ़ा उत्साह

**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट जिले के लांजी विकासखंड के टेमनी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोचेवाही में किसानों ने आधुनिक कृषि यंत्र सुपर सीडर के माध्यम से डीएसआर (डायरेक्ट सीडेड राइस) पद्धति से धान की बोनी कर आधुनिक खेती की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। इस तकनीक को अपनाने से क्षेत्र के किसानों में उत्साह का माहौल है और अन्य किसान भी इससे प्रेरित हो रहे हैं।

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार सुपर सीडर तकनीक से बिना अधिक जुताई के सीधे बुवाई की जा सकती है। इससे समय, श्रम और उत्पादन लागत में कमी आती है, वहीं एक ही प्रक्रिया में बीज एवं उर्वरक का उपयोग होने से कार्य अधिक तेज और प्रभावी बनता है। खेत में मौजूद फसल अवशेष मिट्टी में मिल जाने से भूमि की उर्वरता एवं जैविक कार्बन भी बढ़ता है, जिससे पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है।

ग्राम कोचेवाही की कृषक श्रीमती अदिति घोरमारे एवं श्री सुखराम भागदड़र ने बताया कि पारंपरिक पद्धति की अपेक्षा सुपर सीडर से बोनी करना अधिक सुविधाजनक और किफायती है। किसानों को उम्मीद है कि इस तकनीक से फसल की बेहतर वृद्धि होगी तथा उत्पादन में भी वृद्धि देखने को मिलेगी।

# युवा कांग्रेस अध्यक्ष पर अवैध शराब परिवहन के आरोप, अग्रिम जमानत हुई खारिज

**नवभारत, बालाघाट।** जिला युवा कांग्रेस मंडला के अध्यक्ष संजु अहिरवार पर अवैध शराब परिवहन पर 34(2) का मामला दर्ज किया गया है। जिस पर उन्होंने अग्रिम जमानत भी न्यायालय से मांगी हुई थी जिसे निरस्त कर दिया गया है।

बता दें कि बालाघाट नैनपुर रोड रेलवे फाटक के पास ग्राम पादरीगंज लामता थाना चागोंटोला में मप्र आबकारी अधिनियम 1915 34(2) के तहत दर्ज मामले में संजु अहिरवार को आरोपी बनाया गया है। घटना 25 मार्च 2026 की बताई गई है अवैध शराब के साथ दो फोर व्हीलर वाहन भी जप्त किए गए थे। मुख्य आरोपी संदीप चौधरी निवासी नैनपुर वार्ड नंबर एक को गिरफ्तार कर लिया गया था और संजु अहिरवार फरार हो गए थे। पुलिस ने मामले की गहन छानबीन की पुलिस अधीक्षक बालाघाट के दिशा-निर्देश पर थाना प्रभारी चागोंटोला ने विशेष टीम गठित कर मामले को सुलझा लिया है। इस मामले के साक्षीगणों के बयानों के आधार पर संजु अहिरवार जो कि पाठा सिहोरा नैनपुर के निवासी हैं पर मामला दर्ज किया गया है। साक्षीगणों ने अपने बयान पर संजु अहिरवार के कहने पर अवैध शराब लाने की बात कहीं हैं। बता दें कि बालाघाट जिले के थाना चांगोटोला में बीते माह लाखों रूपए की अवैध शराब पुलिस के द्वारा पकड़ी गई थी इसी के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया और एक आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने रेलवे फाटक के समीप कार्यवाही करते हुए करीब 134 लीटर अवैध अंग्रेजी एवं देशी शराब जब्त की है जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 1.50 लाख रुपये बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार थाना चांगोटोला में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक मुन्नालाल पटले 25 मार्च 2026 को हमराह स्टाफ के साथ क्षेत्र में अपराध एवं असामाजिक गतिविधियों की पतासाजी के लिए रवाना हुए थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक टवेरा वाहन एमएच31/सीआर 0313 तथा एक वेगनार कार एमपी51/सीए/1105 में अवैध शराब भरकर विक्रय हेतु पादरींज से नैनपुर की ओर ले जाई जा रही है सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने रेलवे फाटक के पास पाटादेह तिराहे पर घेराबंदी कर दी कुछ समय बाद दोनों संदिग्ध वाहन मौके पर पहुंचे जिन्हें रोक लिया गया। कार्यवाही के दौरान वेगनार कार का चालक अंधेरे का फायदा उठाकर वाहन छोडकर् फरार हो गया जबकि टवेरा चालक को पुलिस ने पकड़ लिया पूछताछ में गिरफ्तार चालक ने अपना नाम संदीप चौधरी 36 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 6 नैनपुर बताया उसने स्वीकार किया कि दोनों वाहन एक साथ चल रहे थे और अवैध शराब के परिवहन में उपयोग किए जा रहे थे पुलिस ने दोनों वाहनों को थाना परिसर लाकर पंचों की उपस्थिति में तलाशी ली। टवेरा वाहन की डिक्की एवं बीच की सीट से कुल 15 पेटियां शराब बरामद हुईं। इनमें विभिन्न ब्रांडों की अंग्रेजी एवं देशी शराब शामिल थी।

पुलिस के अनुसार दोनों वाहनों से कुल 134 लीटर 10 मिलीलीटर अवैध शराब बरामद की गई है। जब्त शराब की अनुमानित कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये आंकी गई है। सभी शराब की पेटियों एवं नमूनों को विधिवत सीलबंद कर जब्ती पंचनामा तैयार किया गया। पूरी कार्यवाही की वीडियोग्राफी ई.साक्ष्य एप के माध्यम से कराई गई अवैध शराब परिवहन में प्रयुक्त टवेरा वाहन एमएच31/सीआर 0313 एवं वेगनार वाहन एमपी51/सीए/1105 को पुलिस ने जब्त कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी संदीप चौधरी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34/2 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। बता दें कि जिले में अकसर कांग्रेस पार्टी शराब और रेत को लेकर आंदोलन चलाया करती हैं और अधिकांश बार उन्हीं के कार्यकर्ता इस कार्य में लिप्त पाए जाते हैं इस घटना से कांग्रेस में हडक़ंप मच गया है। वहीं सूत्रों का कहना है कि हाल ही में मंडला आए कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के कार्यक्रम में भी उक्त पदाधिकारी दूर दूर तक नजर नही आए। सूत्रों का कहना है कि अध्यक्ष जी का मोबाईल बंद हो गया है और कार्यकर्ता उन्हें खोज रहे हैं।

### इनका कहना हैं

सोशल मीडिया से मुझे जानकारी मिली है संबंधित कार्यकर्ता संजु का मोबाईल बंद है 15 दिनों से मेरी मुलाकात भी नही हुई है। मामले की जानकारी ले रहा हूं।

**डॉ. अशोक मर्सकोले, अध्यक्ष जला कांग्रेस कमेटी मंडला**

# नई तकनीक अपनाकर लागत घटाने और उत्पादन बढ़ाने की दिशा में किसानों का कदम

**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट जिले के विकासखंड कटंगी अंतर्गत ग्राम पंचायत सुकली के ग्राम सीतापठोर एवं सुकली में किसानों द्वारा धान की खेती में आधुनिक डायरेक्ट सीडेड राइस (डीएसआर) तकनीक को तेजी से अपनाया जा रहा है।

कृषि विभाग के मार्गदर्शन में अब तक 09 प्रगतिशील किसानों ने सुपर सीडर मशीन के माध्यम से डीएसआर पद्धति से धान की बुवाई कर आधुनिक खेती की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है।

कृषि विस्तार अधिकारी श्री विशेष बागड़े के मार्गदर्शन में ग्राम सीतापठोर के उन्नत कृषक श्री राकेश सूर्यवंशी ने विभागीय धान किस्म जेआर-21 की 10 एकड़ में सुपर सीडर मशीन से डीएसआर पद्धति द्वारा बुवाई की। इस तकनीक का उद्देश्य खेती की लागत कम करना, पानी की बचत करना तथा उत्पादन में वृद्धि करना है।

सूर्यवंशी ने अपने खेत पर अन्य किसानों को भी डीएसआर तकनीक के लाभों की जानकारी दी। इससे प्रेरित होकर श्री वेंकट/हरिकिशन चौधरी ने 10 एकड़, श्री प्रवीण सिंगारे ने 2 एकड़ तथा राहंगडाले परिवार ने भी अपने खेतों में डीएसआर पद्धति से धान की बुवाई की तैयारी की है।

इसी क्रम में कृषि विस्तार अधिकारी श्री विशेष बागड़े के मार्गदर्शन में श्री वैभव पालिवाल ने 5 एकड़, श्री मुन्नालाल जैसवाल ने 5 एकड़, श्री तुकाराम राहंगडाले ने 4 एकड़, श्री आत्माराम सोनी ने 5 एकड़, श्री मुरलीधर सोनगड़े ने 2 एकड़ तथा श्री नरेंद्र जैतवार ने 2 एकड़ क्षेत्र में सुपर सीडर मशीन के माध्यम से डीएसआर तकनीक अपनाकर धान की बुवाई की है।

कृषि विभाग द्वारा किसानों को खेत पर ही डीएसआर तकनीक के व्यावहारिक लाभों की जानकारी दी जा रही है।

# बालाघाट और कटंगी में कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण

**सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**

**नवभारत, बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना एवं अनुविभागीय अधिकारी श्री गोपाल सोनी के निर्देशानुसार जिले में कोचिंग संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में 26 जून को तहसीलदार श्रीमती मंजुला महोबिया ने तहसील बालाघाट अंतर्गत संचालित कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान भोपाल एकेडमी, लक्ष्य एकेडमी एवं संकल्प ऑक्सीजन कोचिंग संस्थान में आपातकालीन निकास (इमरजेंसी एग्जिट), अग्निशमन यंत्र (फायर सेफ्टी), सुरक्षा व्यवस्थाओं एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। तहसीलदार ने संचालकों को सभी सुरक्षा मानकों का अनिवार्य रूप से पालन करने तथा विद्यार्थियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

इसी कड़ी में 27 जून को अनुविभागीय अधिकारी कटंगी श्री के.सी. ठाकुर के निर्देश पर तहसीलदार श्री शांडिल्य ने बीआरसी श्री कुशराम के साथ तहसील कटंगी के विभिन्न कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा मानकों, आपातकालीन निकास एवं अग्नि सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की जांच की गई तथा सभी संस्थानों को निर्धारित सुरक्षा मानकों का पूर्णत: पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोपरि है। सभी कोचिंग संस्थानों को आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने तथा शासन द्वारा निर्धारित मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। भविष्य में भी इस प्रकार के निरीक्षण लगातार जारी रहेंगे।

# विद्यार्थियों के प्रश्नपत्र व व्यवस्थाओं की तकनीकी जांच की

**नव नियुक्त जिला समन्वयक ने क्षमता विकास पाठ्यक्रम की मुख्य परीक्षा का किया निरीक्षण**

**नवभारत, कटंगी 27 जून।** राजा भोज शासकीय महाविद्यालय, कटंगी में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू की मुख्य परीक्षाएं 22 जून से दो पालियों में आयोजित की जा रही हैं।

शनिवार को प्रथम पाली में आयोजित एमएसडब्ल्यू प्रथम वर्ष की परीक्षा का निरीक्षण मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के नव नियुक्त जिला समन्वयक महेश कुमार पटले एवं विकासखंड समन्वयक सुरेंद्र भगत ने किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा विद्यार्थियों के प्रश्नपत्र एवं परीक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का अवलोकन कर आवश्यक तकनीकी जांच भी की। अधिकारियों ने परीक्षा के शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित संचालन पर संतोष व्यक्त किया।

### जिला समन्वयक का किया गया स्वागत

परीक्षा समाप्ति के उपरांत बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थियों ने नव नियुक्त जिला समन्वयक महेश कुमार पटले का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया।

इस अवसर पर नवांकुर अभ्युदय सामाजिक विकास संस्था के अध्यक्ष संदीप शर्मा एवं गति एजुकेशन के देवीप्रसाद तिवारी ने भी उनका पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया।

### परीक्षाओं की बेहतर तैयारी करे : पटले

अपने संक्षिप्त उद्बोधन में जिला समन्वयक महेश कुमार पटले ने विद्यार्थियों के स्नेह एवं सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए आगामी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी के लिए अधिक परिश्रम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भविष्य में वे निरंतर विद्यार्थियों के बीच उपस्थित होकर उनका मार्गदर्शन करते रहेंगे।

## सूने घर से जेवर, नगदी ले उड़े चोर

**नवभारत, जबलपुर।** कुंडम थाना अंतर्गत सदाफल में चोरों ने सूने मकान का ताला तोड़कर जेवरात, नगदी पार कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार दोपहर अच्छेलाल झारिया 64 वर्ष निवासी सदाफल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका बेटा भोला झारिया और बहू अनीता बाई ग्राम सदाफल बस्ती के अंदर अलग मकान में रहते हैं उसकी बेटी मुन्नी बाई ससुराल में रहती है बेटी मुन्नी बाई ने अपने सोने चांदी के जेवर उसके घर में रखे थे। वे महुआ बीनने खेत तरफचला गया था पत्नी, बहू, नाती सभी घर में ताला लगाकर महुआ बीनने उसके पास खेत तरफआ गये थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने उसके सूने मकान में धावा बोलते हुए दरवाजा के ताला तोड़कर पेटी और ड्रम में रखी सोने की एक पांचाली, तीन जोड़ी झुमकी, अंगूठी, दो लोंग, चांदी की एक करधन, दो जोड़ी पायल, आधा दर्जन बिछिया, नगदी तीस हजार रूपये पार कर दिए। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है।

# फोरव्हीलर ने कुचला, युवक की मौत

**नवभारत, जबलपुर।** मझगवां थाना अंतर्गत कुम्ही खुर्द बोर्ड स्कूल के पास शुक्रवार दोपहर फोरव्हीलर ने बाइक चालक को कुचल दिया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं कार चालक मौके से फरार हो गया।

पुलिस के मुताबिक अमित कुमार चौधरी 38 वर्ष निवासी ग्राम सरौली शुक्रवार दोपहर लगभग 2-30 बजे वायपास कुम्ही खुर्द पहुँचा तभी एक मोटर सायकल चालक कुम्ही तरफ से प्रतापपुर तरफजा रहा था कि पीछे से एक फोरव्हीलर क्रमांक एमपी 13 ए एच 3616 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये मोटर सायकल चालक को टक्कर मार दिया जिससे मोटर सायकल चालक कुम्ही रोड के पास लगी बाडी में गिरा। एक्सीडेंट करने वाली गाड़ी का अगला ड्रायवर तरफका चका की राड टूट गयी जिससे फोर व्हीलर रूक गयी चालक गाड़ी से उतरकर भाग गया। मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 जेड क्यू 0564 पल्सर थी हादसे में घायल शिवम सिंह मार्को 20 वर्ष निवासी बंदरकोला थाना मझगवां की मौत हो गई।

### सड़क हादसे में घायल ने तोड़ा दम

गढ़ा थाना अंतर्गत छोटा जैन मंदिर पुरवा के पास हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मेडिकल अस्पताल में मौत हो गई।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मूलत: तेंदूखेड़ा नरसिंहपुर निवासी आशीष ठाकुर पिता शिव प्रसाद ठाकुर (42) वर्तमान में संजीवनी नगर थाना क्षेत्र के गजरथ नगर में रह रहा था। 23 मई की सुबह वह अपनी मोटरसाइकिल से मेडिकल की तरफ काम पर जा रहा था तभी छोटा जैन मंदिर पुरवा के सामने रोड डिवाइडर कट के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही एक अज्ञात मोटरसाइकिल के चालक ने सीधी टक्कर मार दी थी। इलाज के दौरान गुरूवार की रात्रि उसकी मौत हो गई।

### लोडिंग चालक पर चाकू से हमला

**नवभारत, जबलपुर।** पनागर थाना अंतर्गत विनोबाभावे वार्ड में शराब पीने के लिए पैसे देने से मना करने पर एक शातिर बदमाश ने लोडिंग गाड़ी के चालक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पनागर निवासी 23 वर्षीय सचिन लोधी करौंदा निवासी शंकर सेठ की लोडिंग गाड़ी चलाता है। विनोबाभावे वार्ड में गोपाल बर्मन नाम के युवक ने उसे रोक लिया। गोपाल ने सचिन से अड़ीबाज़ी करते हुए शराब पीने के लिए 500 मांगे। जब सचिन ने पैसे देने से साफ मना कर दिया, तो गोपाल बर्मन ने चाकू निकाला और सचिन के सिर पर ताबड़तोड़ हमला कर लहूलुहान कर दिया।